Alberta

**समाचार** विज्ञप्ति

# अधिक से अधिक अल्बर्टा निवासियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराना

14 फरवरी, 2024 मीडिया पूछताछ

## अल्बर्टा सरकार द्वारा वित्तीय पात्रता दिशा निर्देशों को बढ़ाया जा रहा है ताकि और अधिक अल्बर्टा निवासी कानूनी सहायता की पात्रता हासिल कर सकें तथा अपनी ज़रुरत के मुताबिक कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें।

लीगल एड अल्बर्टा (Legal Aid Alberta) द्वारा अल्बर्टा के कुछ सर्वाधिक कमज़ोर नागरिकों की सहायता करके, न्याय व्यवस्था प्रशासित करने में एकीकृत भूमिका निभाई जाती है। इसके द्वारा अल्बर्टा के निम्न-आय निवासियों के लिए पारिवारिक कानून, पारिवारिक हिंसा संबंधी विषयों, बाल-कल्याण, आप्रवासन और साथ ही युवा तथा वयस्क आपराधिक सुरक्षा विषयों के संबंध में कानूनी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अल्बर्टा के अधिक-से-अधिक निवासी कानूनी सहायता सेवाएं प्राप्त कर सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए, अल्बर्टा सरकार द्वारा अर्हक आय उच्च सीमा, जिसे वित्तीय पात्रता दिशा-निर्देश भी कहा जाता है, को $24,456 (सकल) से बढ़ाकर $30,000 (सकल) प्रति वर्ष किया जा रहा है। इसके मायने हैं कि कोई भी व्यक्ति जो $30,000 (सकल) प्रति वर्ष आय कमाता है, वह लीगल एड (Legal Aid) के माध्यम से प्रतिनिधित्व हासिल करने के लिए पात्र बन सकता है और इस प्रकार अधिक अल्बर्टा निवासी कानूनी सहायता सेवाएं प्राप्त करने में समर्थ हो सकेंगे।

नए पात्रता दिशा-निर्देश 1 अप्रैल से लागू होंगे।

"लीगल एड (Legal Aid) द्वारा लोगों की सर्वाधिक मुश्किल भरी स्थितियों में सहायता की जाती है। फिर चाहे बाल सहायता के लिए माता-पिता संघर्ष कर रहे हों या घरेलू हिंसा के शिकार व्यक्ति द्वारा शोषणकर्ता साथी को छोड़ना हो, लेकिन न्यायालयों के समक्ष समानता किसी व्यक्ति के पास उपलब्ध धन राशि पर निर्भर नहीं होनी चाहिए। वित्तीय पात्रता दिशा-निर्देशों को बढ़ाने से अल्बर्टा के और भी अधिक निवासी कानूनी सहायता के पात्र हो सकेंगे तथा अपनी आवश्यकतानुसार सहायता प्राप्त कर पाएंगे।"

*मिकी अमेरी, मिनिस्टर ऑफ जस्टिस एण्ड अटॉर्नी जनरल*

"50 वर्षों से लीगल एड अल्बर्टा (Legal Aid Alberta) द्वारा अल्बर्टा निवासियों की कानूनी समस्याओं के समाधान में सहायता की गई है। हमारी सेवाओं तक पहुँच में सुधार करने का अर्थ है कि अधिक अल्बर्टा निवासी अपनी ज़रुरत के मुताबिक सहायता प्राप्त करने में सक्षम हो सकेंगे ताकि वे कानूनी प्रणाली की जटिलताओं का सामना कर सकें। एक आम ज़िंदगी जीने वाले अल्बर्टा निवासी के लिए न्यायालयों तक पहुँच में सुधार करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।"

*जियानपोलो (जॉन) पानुसा, प्रेसिडेंट एण्ड सीईओ, लीगल एड अल्बर्टा*

अल्बर्टा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है कि अल्बर्टा के निवासी प्रभावी तथा वहनीय न्याय व्यवस्था तक पहुँच कर पाते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन महत्वपूर्ण सेवाओं को ज़रूरतमंद लोगों द्वारा पहुँच किया जा सकता है, अल्बर्टा सरकार लीगल एड अल्बर्टा (Legal Aid Alberta) की सहायता करना जारी रखेगी।

# त्वरित तथ्य

- लीगल एड अल्बर्टा (Legal Aid Alberta) ने 2022-23 में 35,449 लोगों को सेवाएं उपलब्ध कराई हैं।
- अल्बर्टा सरकार, अल्बर्टा लॉ फांउडेशन तथा संघीय सरकार द्वारा लीगल एड (Legal Aid) को धनराशि प्रदान की जाती है।

# संबंधित जानकारी

- लीगल एड अल्बर्टा (Legal Aid Alberta)
- लॉ सोसाइटी ऑफ अल्बर्टा (Law Society of Alberta)
- गवर्नेंस समझौता

# संबंधित समाचार

- लीगल एड (Legal Aid) वकीलों के लिए टैरिफ में बढ़ोतरी करना (21 दिसम्बर, 2022)
- लीगल एड (Legal Aid) का आधुनिकीकरण करना (5 अक्तूबर, 2022)

# मीडिया पूछताछ


## चिनेन्ये एनोकुरु

780-720-1915
वरिष्ठ प्रेस सचिव, जस्टिस